Title: Need to implement the afforestation programme on the 150 k.m. belt of Yamuna river in East Delhi for pollution control.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, दिल्ली में प्रदूषण बहुत जोरों से बढ़ रहा है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र पूर्वी दिल्ली में यमुना नदी के पूर्वी किनारे पर बहुत सी कालोनीज बसी हुई हैं। उनके साथ बने हुए मार्ग पर लाखों लोग चलते हैं। यमुना नदी की सफाई न होने के कारण वहां पर बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। उस जगह बसी हुई झुग्गी बस्तियों को वैकल्पिक स्थान देकर अन्यत्र बसाने का प्रयास हो रहा है।

ऐसी स्थिति में अगर सोनिया विहार से लेकर मधु विहार के इस किनारे को जो 15 कि.मी. लम्बा है, उसमें वृक्षारोपण की योजना बनाकर उद्यान बनाया जाये ताकि लोग वहां पर भ्रमण वगैरह भी कर सकते हैं और प्रदूषण से मुक्ति भी हो सकती है। मेरी जानकारी के अनुसार केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण विभाग ने दस करोड़ रुपये की योजना दिल्ली सरकार के परामर्श से यहां खर्च करने की बनाई थी जो अभी तक नहीं बनी है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस योजना को लागू किया जाये जिससे प्रदूषण से मेरे क्षेत्र को बचाया जा सके।

MR. SPEAKER: Prof. Ummareddy Venkateswarlu, about your matter, please hear me first because some hon. Member has raised it this week on the 9th August, 2000 about the derailment of a train. Somebody had already raised this issue.